दूसरा 'साइक्लोथॉन - पुणे टू रत्नागिरी'

■ सहयोग के लिए पुणे के प्रमुख अस्पताल आगे आए

■ मुकुल माधव फाउंडेशन की पहल

पुणे, सं. मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) बाइसिकल ऐंजेल्स, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लि. के सहयोग से पुणे से रत्नागिरी तक साइक्लोथान का आयोजन करने जा रहा है. जो 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा. इसका उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करना है. दो पेशेवर साइकिल सवार इस अनूठे इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे. यह इवेंट मुकुल माधव फाउंडेशन की एक पहल है, जिसे फिनोलेक्स पाइप्स ने अपनी सीएसआर गतिविधि के एक हिस्से के रुप में एवं अशोक लेलैंड ने एक यात्रा साझीदार के रुप में प्रायोजित किया है. इस 5 दिवसीय आयोजन में अनेक गतिविधियों का दर्शन होगा, जिसमें बाइसिकल ऐंजल्स जरुरतमंद लोगों को आजीविका हेतु साइकिलें भेंट करेगा. 'एमएमएफ' फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज के सहयोग से क्रमशः शिरवाल, उम्ब्राज, कोरकुड एवं पाली में स्थित 4 जिला परिषद स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिविरों का आयोजन करेगा. दो पेशेवर साइकल सवार राकेश बक्शी (बाइसिकल ऐंजल के संस्थापक, फिल्मकार व 'दी डायरेक्टर्स डायरीज' के लेखक) एवं प्रो. राम ढिल्लन (यूके के प्रख्यात ईएनटी सर्जन) एमएमएफ की सीएसआर टीम के साथ इस यात्रा का संचालन करेंगे.

6 20 से अधिक चिकित्सकों की टीम स्वास्थ्य शिविर में भाग लेगी, इसमें के. ई. एम. हास्पिटल की पीडियाट्री टीम, भारती हॉस्पिटल की आडियोलाजी, स्पीच व डेंटल टीम एवं एच. वी. देसाई आई हास्पिटल की आप्थल्मोलाजी टीम शामिल है. चिकित्सक लगभग 3171 बच्चों की जांच करेंगे, जिनकी जांच पहले मुकुल माधव फाउंडेशन कर चुका है. इसके अतिरिक्त इस चिकित्सा शिविर में आने वाले प्रत्येक नए विद्यार्थी को स्वास्थ्य निगरानी सूची में शामिल किया जाएगा एवं बाद में उनके स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार पर्यवेक्षित किया जाएगा. यह फाउंडेशन 3 जिलों - सातारा, सांगली एवं रत्नागिरी के सभी 3171 विद्यार्थियों को टूथब्रश, टूथपेस्ट, साबुन, बिस्किट्स एवं फ्रूटी से युक्त हाइजीन हैंपर्स उपलब्ध कराएगा.

इस पहल की जानकारी देते हुए एमएमएफ की मैनेजिंग ट्रस्टी रितु छाब्रिया ने कहा कि साइक्लोथान एक पहल है, जो हमारा कैलेंडर इवेंट बन गया है. पिछले वर्ष इसमें 2313 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी. फाउंडेशन ने जे. पी. एरिया में 27 विद्यार्थियों को ऐनक उपलब्ध कराया था.

8 से 12 दिसंबर तक

उन्होंने कहा कि, साइक्लोथान के दौरान हमें यह भी पता चला कि सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के लिए कुर्सियों की आवश्यकता है. अनेक बच्चे शारीरिक विकलांगता के कारण स्कूल जाने से वंचित रह जाते हैं. इन भिन्न क्षमता-संपन्न बच्चों को कक्षाओं में आरामदायक तरीके से बैठने के लिए विशेष कुर्सियों की आवश्यकता होती है. इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सतारा जिला परिषद ने एमएमएफ से सहायता का निवेदन किया है. जनवरी 2016 तक फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज के समर्थन के साथ एमएमएफ इस निवेदन की पुष्टि करेगा एवं 100 विशेष बच्चे इन कुर्सियों का इस्तेमाल कर नियमित रुप से स्कूल में उपस्थित होने में सक्षम हो सकेंगे. इस परियोजना का लक्ष्य जरुरतमंद लोगों को दान स्वरुप दी गयी साइकिल की सहायता से जीविकोपार्जन का बेहतर अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्तिकृत करना है.

बाइसिकल ऐंजल के संस्थापक, फिल्मकार एवं ''दी डायरेक्टर्स डायरीज'' के लेखक राकेश बक्शी ने कहा कि, जब आप की आजीविका किसी पर निर्भर करती है, तब आप को साइकिल की महत्ता समझ में आती है.इस वर्ष कुल 6 लोगों को साइकिल मुहैया करायी जाएगी.प्रो. राम ढिल्लन, यूके के एक सफल ईएनटी विशेषज्ञ, ने कहा कि, मैं लगातार दूसरे वर्ष एमएमएफ साइक्लोथान को समर्थन प्रदान कर काफी प्रसन्न हूं, जो पुणे एवं रत्नागिरी के बीच रहने वाले वंचित स्कूली बच्चों के लिए चिकित्सा शिविरों का आयोजन करेंगे.